PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैनवाल, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 20224-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 अंक 12 जयपुर: 23 जनवरी 2024 से 7 फरवरी 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

राज्यपाल कलराज मिश्र ने चांदपोल रामचन्द्र मंदिर में आरती करके मंगल कामना की

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने चांदपोल स्थित रामचंद्र के प्राचीन मंदिर में आरती कर प्रदेश के लोगों की खुशहाली की कामना की। राज्यपाल कलराज मिश्र सांच चांदपोल स्थित ठिकाना रामचंद्र मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां भगवान रामचंद्र की पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान राम से सभी के मंगल की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सांसद राम चरण बोहरा भी उपस्थित रहे।

आमजन की खुशहाली के लिए सेकरेड हार्ड चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारत की एकता और अखण्डता के लिए सेकरेड हार्ड चर्च में पार्थना की गई। इस प्रार्थना में बिशप जोशफ, बिशप आज्जवर लुईए एवं फादर एडवर्ड, फादर जार्ज मैथव, मास्टर रेमण्ड, गार्डनर मानसरोवर सांगानेरी गेट स्थित चर्च में प्रार्थना में शामिल हुए। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक और युवा जन उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने ईशु की प्रार्थना की। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका से डैंजिल नाजरथ भी उपस्थित थे। प्रार्थना सभा का संचालन फादर मैत्थीन जोबर्ट ने किया। प्रार्थना सभा के बाद उपस्थित सभी लोगों ने जलपान किया। आगामी प्रार्थना 25 जनवरी को चांदपोल स्थित सेंट ऐंड्रा चर्च में होगी।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में देवस्थान विभाग के 593 मंदिरों में विद्युत रुज्जा, रामायण पाठ, दीप दान, महाआरती आदि कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही संत-महंत एवं पुजारियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही, छह श्रीराम-जानकी औद्योगिक क्षेत्र कुन्ज बिहारीपुरा- जयपुर, सत्तास-बीकानेर, बलारिया-सवाईमाधोपुर, जटलाव-सवाईमाधोपुर, रामसर-बाड़मेर एवं रासास-नागौर कियाशील किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने पर राजस्थान राज्य के श्रद्धालुओं ने प्रभु राम के दर्शन की भावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सात सम्भाग मुख्यालयों जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा एवं अजमेर से अयोध्या में रामलला के दर्शन हेतु राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा प्रारम्भ की जायेगी। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन हेतु 31 मार्च, 2024 तक 3000 तीर्थ यात्रियों को यात्रा करवाई जायेगी तथा जयपुर से रामलला के दर्शन हेतु 1 फरवरी, 2024 से अयोध्या के लिये विशेष विमान सेवा संचालित होगी। इसके अतिरिक्त राज्य से अयोध्या के लिए स्पेशल रेल सेवाएं भी प्रारम्भ की जायेंगी। शर्मा ने कहा कि इस भव्य अवसर पर सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य, प्रतापगढ़ में वनपथ, पुलिया निर्माण तथा पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विकास कार्य करवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भव के तहत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 75,000 स्वास्थ्य मेलों का आयोजन 3 माह में किया जायेगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पीएमजेएवाई के तहत 1 करोड़ पात्र सदस्यों की ईकेवाईसी का काय पूरा कर कार्ड वितरण का कार्य शुरू किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण बीडा भिवाड़ी द्वारा नवीन श्रीराम-जानकी आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के 208 भूखण्ड भी आवंटित किये जायेंगे।

अयोध्या में विराजे श्रीराम, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नवाया शीश

प्रताप नगर स्थित प्रेम मंदिर में देखा प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। रामभूमि पर शंखनाद और श्रीराम की जयघोष के बीच सोमवार को नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। संकल्प से सिद्धिए हर्ष और उत्कर्ष के दिन इस युगांतर और अलौकिक क्षण को देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शीश नवाया। जयपुर के प्रतापनगर स्थित प्रेम मंदिर से मुख्यमंत्री ने रामभक्तों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। शर्मा ने कहा कि सकल मनोरथ के दिन है में नए सांस्कृतिक युग की शुरूआत हुई है। आज अयोध्या में ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति के मन में श्रीराम विराजमान हुए हैं। शर्मा ने कहा कि श्रीराम के राघव रूप को देखकर वर्षों का स्वप्न साकार हुआ है। राम हमारे रोम-रोम में हैं। इससे पहले उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को राम दीपावली पर शुभकामनाएं देकर कहा कि दुनिया आज रामलला का ऐतिहासिक-धार्मिक उत्सव मना रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने अपने जीवन में सत्यए धर्म और प्रेम मूल्यों का पालन किया है, उसी तरह हमें भी उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सशक्त व नैतिक समाज के निर्माण में अहम जिम्मेदारी निभानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा संत-महंत एवं पुजारियों का सम्मान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत अयोध्या में श्री राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। प्रतापगढ़ के सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य में वनपथ, पुलिया निर्माण तथा पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विकास कराने के साथ कई कार्य होंगे। श्याम रूप को देख नम हुई आंखें : प्रेम मंदिर पर सीधा प्रसारण देखने पहुंचे श्रद्धालुओं की आंखें श्रीरामलला की पहली अद्भुत छवि देखते हुए नम हुईं। यहां मंदिर ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बगरू विधायक कैलाश वर्मा, नगर निगम मेटर जयपुर के उप महापौर पुनीत कर्नावट, संत अभिरामन दास महाराज सहित अन्य जन प्रतिनिधि, श्रद्धालु उपस्थित थे।

मंगल मंदिर और देहलावास मंदिर में की पूजा : मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह मानसरोवर के मंगल मंदिर राम दरबार और देहलावास बालाजी मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश में खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए कामना की।

स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

सहज और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभी के लिए सहज और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी समुचित सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जानकारियां जुटाकर विद्यालयों तथा आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण की योजनाएं तैयार करें, ताकि उनके बेहतर परिणाम सामने आ सकें। मुख्यमंत्री ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर स्कूल शिक्षा विभाग की 100 दिवसीय कार्ययोजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। अधिकारी यह प्रयास करें कि विद्यार्थियों और जनता के हित में बेहतर योजनाएं तैयार कर क्रियान्वित की जाए। शर्मा ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग है। प्रदेश में गांव-ढाणियां दूर-दराज के क्षेत्रों तक विस्तृत हैं। इन दूर-दराज क्षेत्र के विद्यालयों में भी आवश्यकतानुसार पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था की जाए ताकि कोई भी शिक्षा से वंचित नहीं रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर अन्य राज्यों की तुलना में अच्छा है। इसे और अधिक बेहतर बनाने पर फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक टूर आयोजित किये जाएं। इससे उन्हें काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा और उनके पारस्परिक सम्बन्ध भी मजबूत होंगे। शर्मा ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को होने वाले नो बैग डे के लिए पूर्व से ही रूपरेखा तय होनी चाहिए कि इस दिन विद्यार्थियों को क्या सिखाया जाएगा। उन्होंने नो बैग डे पर विद्यार्थियों को महापुरूषों और संविधान के साथ ही अलग-अलग विषयों की जानकारी देने की आवश्यकता जाहिर की ताकि उनके जीवन की दिशा तय हो सके। वहीं, मुख्यमंत्री ने व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाए वोकल फॉर लोकल और राज्य के विभिन्न स्थलों के सुप्रसिद्ध उत्पादों की जानकारी के समावेश के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पाठ्य पुस्तक मंडल द्वारा सही तरह से आंकलन के बाद ही पुस्तकों का प्रकाशन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी विद्यालयों के नियमित निरीक्षण करने, गाइडलाइन बनाने और उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। शर्मा ने नवीन नियुक्तियों से पूर्व किये जाने वाले दस्तावेज सत्यापन के लिए निदेशालय में अलग से विंग बनाने पर जोर दिया। साथ ही, फर्जी दस्तावेजों से नियुक्ति पाने के प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान समुचित मॉनिटरिंग की व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करे, इसके लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई 100 दिवसीय कार्ययोजना इसी दिशा में एक पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्ययोजना की क्रियान्विति से प्रदेश में बेहतर शैक्षिक वातावरण का निर्माण होगा। बैठक में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 100 दिवसीय कार्ययोजना पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग भवानी सिंह देथा, मिस-डे-मील आयुक्त विश्वमोहन शर्मा, विशिष्ट सचिव स्कूल शिक्षा विभाग चित्रा गुप्ता, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम, राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान अविचल चतुर्वेदी एवं संयुक्त सचिव स्कूल शिक्षा विभाग किशोर कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अजमेर में सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 फरवरी को

भारत विकास परिषद अरावली करेगा कार्यक्रम

परिष्कार पत्रिका अजमेर। भारत विकास परिषद अरावली अजमेर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिणय उत्सव सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत सर्व समाज के जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। शाखा संरक्षक संदीप गोयल ने बताया कि परिषद द्वारा विगत 4 वर्षों से निरंतर रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत इस वर्ष यह कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी 2024 को विजयलक्ष्मी पार्क में संपादित होगा परिषद द्वारा आयोजित बैठक में कार्यक्रम की जिम्मेदारी तय करते हुए संयोजक की जिम्मेदारी पुनीत बंसल को और सहसंयोजक की जिम्मेदारी अनुज गर्ग और मनोज सैन को दी गई। अध्यक्ष रौनक सोगानी ने बताया कि परिणय उत्सव कार्यक्रम के साथ ही तुलसी विवाह का आयोजन भी किया जाएगा, इसके लिए कमेटी का गठन करते हुए मनीष अग्रवाल, ऋषि राज शर्मा और आलोक महेश्वरी को जिम्मेवारी दी गई। शाखा सचिव रितेश गर्ग ने बताया कि जो भी जोड़े इस विवाह कार्यक्रम में विवाह करना चाहते हैं वह शाखा के सदस्यों से आगामी 15 जनवरी तक संपर्क कर सकते हैं। बैठक में मोहित बंसल, लोकेश बंसल, राजकुमार भाटी, संजय मक्वाना, योगेश खंडेलवाल, कुन्ज बिहारी बंसल, अनिल गोयल, रवि सोनी, अविनाश अग्रवाल, पी एन मंगल, स्वप्निल राठौड़, बंटी कच्छावा, लोकेश जैन सहित सदस्य उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए फार्म वितरण का प्रारंभ

28 अप्रेल को बाबाजी की नसियां में होगा विवाह सम्मेलन

परिष्कार पत्रिका अजमेर। सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादियां करवाने के लिए लक्ष्य मानवता सेवा संस्थान एवं हिंद सेवा दल द्वारा फार्म वितरण का कार्य आगरा गेट स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ किया गया। जहां पुजारी घनश्याम आचार्य ने विधिवत पूजा अर्चना कर आवेदन पत्रों को प्रदान किया।

प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 अप्रैल को महावीर सर्किल स्थित बाबाजी की नसियां में आयोजित किया जाएगा। दल के अध्यक्ष आर के महावर ने बताया कि इसके लिए अजमेर शहर में विभिन्न स्थानों पर फार्म रखे जायेंगे। जो भी आवेदन करना चाहे केसरगंज गोलचक्कर स्थित कार्यालय पर आर के महावर से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। फार्म को भरकर सभी आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी देकर के साथ 30 मार्च तक जमा कराया जा सकता हैं। इस अवसर पर ललित खन्नी, राधेश्याम गहलोत, सहित अन्य उपस्थित थे।

100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत 3,000 आवास आमजन को कराएं उपलब्ध

कमजोर तबके को केन्द्र में रखकर बनाए योजनाएं : आवासन आयुक्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। आवासन आयुक्त कुमार पाल गौतम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट 100 दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत आमजन को आवास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगभग 3 हजार मकान और फ्लैट्स की योजनाएं शुरू की गई हैं। गौतम मण्डल मुख्यालय पर 100 दिवसीय कार्य योजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि मण्डल कम आय वर्ग सहित विभिन्न वर्गों को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध करवाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अभियन्ताओं को विशेष निर्देश दिये कि वे ज़रूरतमंद तबके को केन्द्र में रखते हुए आवासीय योजनाओं की कार्य योजना बनाएं। उन्होंने प्रदेश के सभी अंचलों मुख्यतः संभागीय मुख्यालयों पर आवासीय योजना शुरू करने के निर्देश प्रदान किये ताकि सभी प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण आवास मिल सकें।

बैठक में विभिन्न जिलों में 2,994 स्वतंत्र आवास एवं फ्लैट्स की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसमें जयपुर, जोधपुर, भिवाड़ी, हनुमानगढ़, पोलपुर, बांसवाड़ा, नागौर, रिरोहीं, अजमेर जिलों में स्थित योजनाएं शामिल हैं। मुख्य अभियंता मुख्यालय मनोज गुप्ता, मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता-द्वितीय भजनलाल गुणपाल, मुख्य संपदा प्रबंधक दीपाली भगोतिया सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता बैठक में उपस्थित रहे।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

parishkarpatrika@gmail.com

अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें www.parishkarpatrika.com

स्कूल शिक्षा विभाग की नई पहल- नवनियुक्त शिक्षकों को तैयार करने के महाभियान की शुरूआत

शिक्षा हर बच्चे का अधिकार, शिक्षक इसे अपना लक्ष्य बनाएं : शासन सचिव

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की एक नई पहल के तौर पर प्रदेश में नवनियुक्त 16 हजार शिक्षकों को कक्षाओं के लिए दक्ष बनाने के लिये इंडक्शन ट्रेनिंग के अंतर्गत मास्टर्स ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम लॉन्च किया गया है। इसके प्रथम चरण का उद्घाटन स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने किया। स्कूल शिक्षा विभाग के इस महा मिशन के तहत शासन सचिव नवीन जैन के मार्गदर्शन में राज्य स्तर पर स्टेट रिसोर्स ग्रुप के 11 सदस्यों द्वारा एक ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाया गया है। इस ग्रुप के सदस्यों द्वारा तीन चरणों में 450 मास्टर ट्रेनर्स को चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। ये प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स जिलों में नवनियुक्त ग्रेड-3 के लेवल-1 के 16 हजार शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि राजस्थान के शैक्षिक परिदृश्य में गुणवत्ता लाने के लिए हमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं की शिक्षण प्रक्रिया को मज़बूत करना होगा। क्वालिटी एजुकेशन राजस्थान के हर बच्चे का अधिकार है। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को शिक्षक अपना लक्ष्य बनाए, इससे वे आने वाले कल में देश का भविष्य बदल सकते हैं। शिक्षकों को इसी सोच के साथ प्रत्येक बच्चे के साथ इस प्रकार जुड़ना होगा कि वह बच्चा भविष्य में देश और समाज के लिये कुछ महान कार्य करने के योग्य बने, प्रत्येक बच्चे की क्षमताओं को इसी दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को पढ़ाने वाले शिक्षकों को यह पता नहीं था कि उनके विद्यार्थी एक दिन देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। जैन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर्स में नवीन ऊर्जा, उत्साह व प्रेरणा का संचार करते हुए कहा कि वे आज और प्रशिक्षण के आगामी दिवसों को देश व मानवता के नाम समर्पित कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स से आह्वान किया कि वे राजस्थान के शैक्षणिक परिदृश्य को परिष्कृत कर उत्कृष्ट बनाने के लिये नवनियुक्त 16 हजार शिक्षकों को दक्ष बनाए। ये 16 हजार शिक्षक दृढ़संकल्पित होकर राजस्थान की कक्षाओं में नौनिहालों की ज़िंदगी बदलने का कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आप दूसरों की कमज़ोरियों को आदर्श मत बनाइये। अपने विजन और दिल को बड़ा करने की आवश्यकता है, ताकि नई चीज़ों को सीख सकें। इस अवसर पर नवीन जैन ने स्टेट रिसोर्स ग्रुप से आह्वान किया कि वे अपनी पूरी रूचि, ऊर्जा व विद्याओं के साथ प्रशिक्षण दें, ताकि संभागी अपने बेहतरीन इनपुट दे सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम, मेहनत को दिशा देने का कार्य करता है। शिक्षण प्रक्रिया में सही दिशा और मेहनत से ही लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण से ये मास्टर ट्रेनर्स नवनियुक्त शिक्षकों को एक प्रगतिशील, नवाचारी और नवीन तकनीक युक्त शिक्षण प्रक्रिया जो सामाजिक सरोकारों व मूल्यों से युक्त हों, के लिए तैयार करेंगे। उद्घाटन सत्र में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि शासन सचिव नवीन जैन का विज़न बहुत ही प्रेरणादायी है, जिससे शिक्षा विभाग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्टेट रिसोर्स ग्रुप ने बहुत कम समय में नवीन शिक्षण विधाओं, नवीन तकनीक व सामाजिक सरोकारों को सम्मिलित करते हुए नवनियुक्त शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया है। यहां से प्रशिक्षण के उपरांत ये मास्टर ट्रेनर्स इंडक्शन ट्रेनिंग के द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को बेहतरीन प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह नवनियुक्त शिक्षक बच्चों की शिक्षण प्रक्रिया में विषय-वस्तु के शिक्षण के साथ-साथ जीवन जीने के तरीके अर्थात जीवन कौशल, सामाजिक सरोकारों व नवीन तकनीकों को समाहित करेंगे।

तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा

सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर हिन्द सेवा दल के कार्यक्रम का आयोजन

परिष्कार पत्रिका अजमेर। हिंद सेवा दल एवं लक्ष्य मानवता सेवा संस्थान द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर सुभाष उद्यान में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानीए युवाओं को आजादी के लिए प्रेरित करने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सुभाष उद्यान में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि के साथ मनाया। सभी उपस्थित जनों ने नेताजी अमर रहे, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा, भारत माता की जयकारों के नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। दल के अध्यक्ष आरके महावर ने बताया कि इस अवसर पर हिंद सेवा दल का 38वां स्थापना दिवस भी केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, कमल गंगवाल, राकेश परमार, सुरेन्द्र सैनी, अमर सिंह निर्माण, दक्ष कुमार महावर सुभाष चांदना, रामकिशन गुर्जर, प्रकाश किशोर खन्ना, जगदीश विजय, पुनीतभार्गव, पवन आनंदकर, राजेशचोरड़िया, हेमेन्द्र सिंगोदिया, डा.नीलम, हरजीत सिंह, रोशनी पी मेजवानी, निक्की जैनए रेखाचौधरी, मीरा कुमारी, अनुराधा मंत्री, राधेश्याम गहलोत, दीपक ठाकुर, सतीष कुलवरिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

PRIME TRACK

Trackon

Couriers Pvt. Limited

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

नव वर्ष में समय तेज़ी से निकलता प्रतीत हो रहा है। गणतंत्र दिवस है। सभी पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जीवन में उतार चढाव है। हमारा जीवन भोगमय नहीं योगमय होना चाहिए। सफलता अकेले नहीं आती वह अपने साथ अभिमान को लेकर भी आती है और यही अभिमान हमारे दुखों का कारण बन जाता है। ऐसे ही असफलता भी अकेले नहीं आती। वह भी अपने साथ निराशा को लेकर आती है और निराशा प्रगति पथ में एक बड़ी बाधा उत्पन्न कर देती है। हम अपने जीवन को योगी बनाकर जिएं अथवा भोगी बनाकर ये व्यक्ति के स्वयं के ऊपर निर्भर है। दुख, कटुवचन और अपमान सहने की क्षमता का विकास तथा सुख, प्रशंसा और सम्मान पचाने की सामर्थ्य ही गृहस्थ धर्म का योग भी है। हर स्थिति का मुस्कराकर सामना करने की क्षमता, किसी भी स्थिति को अच्छी या बुरी ना कहकर समभाव में रहते हुए अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का कौशल, यही जीवन का योग है। योगमय जीवन ही योगेश्वर तक पहुंचाता है। इसी तरह भक्ति जीवन को सुपथगामी बनाकर श्रेष्ठ मार्ग की ओर अग्रसित करती है, यदि किसी मनुष्य के जीवन में भक्ति नहीं है तो फिर निश्चित समझिए वो कुपथगामी है, जो कुपथगामी है, वही तो आसुरी प्रवृत्ति का भी है। जिस मनुष्य के जीवन में भक्ति नहीं फिर उसी मनुष्य का जीवन हिरण्यकशपु की तरह असुरत्व प्रधान भी बन जाता है, सीधे शब्दों में कहें तो वो ये कि भक्ति और भक्त का निरादर करने वाला मनुष्य ही हिरण्यकशपु है। जिस मनुष्य के जीवन में भक्ति नहीं उस मनुष्य के जीवन में सदाचरण की शक्ति भी कभी नहीं हो सकती। जहां सदाचार है, वहाँ सुरत्व और जहाँ दुराचार है, वहीं तो असुरत्व है। भक्ति नर को नारायण स्वरूप बनाने की प्रयोगशाला है। भक्ति जीवन को परिष्कृत करके दुनिया के बाज़ार में उसके मोल को बढ़ाकर अनमोल कर देती है, जीवन में भक्ति का समावेश और भक्त का सम्मान ही स्व उत्थान एवं जीवन कल्याण का मूल है। सम्मान देने से विदित होता है कि हम किसी को आदर से अपना बना सकते है और फिर वह आपका हो जाता है। इसलिए हम अपने गणतंत्र का आदर करते हुए इसका सम्मान करें। जय हिंद। जय भारत ।।

शासन सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय वीसी

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और रिवीजन के लिए विद्यार्थियों को मिलेंगे क्वेश्चन बैंक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रदेश के विद्यालयों में 10वीं और 12वी की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए राज्य स्तर पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने क्वेश्चन बैंक प्रिंट कराकर सभी जिलों में विद्यालयों तक पहुंचाए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने जयपुर में सचिवालय स्थित एसआईसी के वीसी रूम से आयोजित राज्य स्तरीय वीसी वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों और स्कूलों के संस्था प्रधानों को निर्देश दिए कि जिलों में इन क्वेश्चन बैंक् के पहुंचते ही स्टूडेंट्स तक इनका समय पर वितरण सुनिश्चित करें। जैन ने कहा कि इसके साथ ही विद्यार्थियों की तैयारी में अतिरिक्त मदद के लिए मिशन ज्ञान के साथ समन्वय से रिवीजन क्लासेज भी शुरू की जा रही है, इनके लिंक्स भी स्कूलों और विद्यार्थियों तक पहुंचाए। उन्होंने कई जिलों में स्कूलों और अध्यापकों के स्तर पर ऐसे क्वेश्चन बैंक तैयार कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्यों के इससे प्रेरणा लेने को कहा। शासन सचिव ने वीसी में कहा कि कई राज्यों में टीचर्स एवं स्टूडेंट्स की ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवार्य की जा चुकी है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे टेक्नोलॉजी के प्रति समर्पित रहते हुए शाला दर्पण पोर्टल पर स्कूल अटेंडेंस सिस्टमए स्कूल विजिट मॉड्यूल, एमीनिया प्रोग्राम और अन्य कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट की एंट्री समय पर सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी कार्यालयों में कार्यरत शाला दर्पण प्रभारियों को पाबंद किया जाए। अधिकारी इसकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिलों में राजप्रविन अधिकारी अपने नियंत्रण अधिकारी की अनुमति के बगैर मुख्यालय नहीं छोड़े इसकी पुख्ता मॉनिटरिंग हो, वहीं कार्मिकों की डीपीसीए अनुकम्पा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों का भी समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

जैन ने वीसी के दौरान भारत सरकार द्वारा पिछले दिनों राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आरम्भ किए गए प्रेरणा प्रोग्राम के लिए सभी जिलों में विद्यालयों और विद्यार्थियों का चयन करते हुए कॉम्पीटिशन के माध्यम से उनका चयन करने के बारे में भी निर्देश दिए। इस विशेष प्रोग्राम के तहत

गुजरात के मेहसाणा जिले में बड़नगर स्थित वह स्कूल जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा प्राप्त की है, वहां प्रदेश के जिलों से कॉम्पीटिशन के माध्यम से चयनित दो-दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्बंधित जिले के जवाहर नवोदय विद्यालयों के माध्यम से समन्वय करते हुए सात दिवस के विशेष आवासीय कैंप में जाने का अवसर मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए इस कार्य म के लिए प्रेरणा पोर्टल पर प्रत्येक जिले से अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जाएं। प्रदेश में अब तक इस प्रोग्राम के माध्यम से उदयपुर, सिरोही, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, पाली, चित्तौड़गढ़, राजसमंद एवं भीलवाड़ा जिलों से प्रेरणा प्रोग्राम के लिए विद्यार्थियों का चयन हो चुका है, इसमें उदयपुर और सिरोही जिले के स्टडेंट्स वर्तमान में मेहसाणा गए हुए है। शासन सचिव ने आगामी दिनों अन्य जिलो में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों का चयन कर उनकी इस प्रोग्राम के तहत विजिट कराने के निर्देश दिए। वीसी में पीएम विद्यालयों की प्रगति सहित अन्य विभागीय कार्य मों और गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सचिवालय के वीसी कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव किशोर कुमार और राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। बीकानेर में शिक्षा निदेशालय के अलावा सभी जिलों के अधिकारी वीसी से जुड़े।

रामनिवास बाग में श्रीरामलला दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

श्री रामलला की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा की दी शुभकामनाएं

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज शताब्दियों की प्रतीक्षा, अनेक राममक्तों के त्याग, बलिदान तथा संघर्षों के बाद जन-जन के आराध्यदेव मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अयोध्या में सम्पन्न हुआ। हम सब भाग्यशाली है कि इस अलौकिक, स्वर्णिम तथा पवित्र क्षण के साक्षी बने। उन्होंने कहा कि राम हमारे रोम-रोम में बसे है, श्रीराम हमारी आस्था ही नहीं अपितु सनातन संस्कृति के भी प्रतीक है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अनुकरणीय जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

मुख्यमंत्री शर्मा सोमवार को नगर निगम ग्रेटर जयपुर एवं श्रीधर्म फाउंडेशन ट्रस्ट तथा जयपुर व्यापार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रामलला दीपोत्सव कार्यक्रम में आमन्त्रण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिस संकल्प के साथ 2014 में आपने चुनाए वह आज साकार हुआ। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए यह गर्व की बात है कि यहां के बंशी पहाड़पुर के पत्थरों से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। शर्मा ने कहा कि वीरभूमि राजस्थान के अनेक कारसेवकों ने इस महायज्ञ में अपने प्राणों की आहुती दी है। मैं खुद को भी सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे भी कारसेवा में अयोध्या जाने का सुअवसर प्राप्त हुआ था और आज प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के इस ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण का साक्षी बना हूं। शर्मा ने इस अवसर पर आयोजित दीपोत्सव में दीप प्रज्वलित किया। साथ ही, आयोजित ड्रोन शो तथा आतिशबाजी कार्यक्रम में भी भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद रामचरण बोहरा, नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्नावट सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

गोआन एसोसिएशन और परिष्कार पत्रिका ने कार्यक्रम कर की नव वर्ष की शुरूआत

जरूरतमंद बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

अपने पड़ोसी से प्रेम करें

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर गोआन एसोसिएशन और परिष्कार पत्रिका के साथ मिलकर 20 जनवरी को नववर्ष का पहला कार्यक्रम ब्लेसिंग इन डिसगाइज आयोजित किया। गोआन एसोसिएशन की अध्यक्षा डायना कोशिक के अनुसार नववर्ष के अवसर पर सुमरन बाल संस्था के जरूरतमंद बच्चों को कंबल, जैकेट, किताबें, स्कूल बैग और स्टेशनरी सहित दैनिक आवश्यक वस्तुएं वितरित की। कार्यक्रम में संस्था और परिष्कार पत्रिका ने ये सभी सामग्री। सुरमन बाल संस्थान की संस्थापक मनन चतुर्वेदी को देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। परिष्कार से डेंज़िल नाजरथ ने बताया कि सुरमन संस्था के पास 2 से 20 वर्ष तक के आयु वर्ग के 110 बच्चे हैं जिनकी वे लगातार देखभाल और सहयोग कर रहीं हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि हम शाम बच्चों की मुस्कान का हिस्सा बनकर खुश थे।

इस अवसर पर डायना कोशिक, डेंज़िल नाजरथ, राकेश वर्मा बुटिक, नताशा बेरेटो सहित अन्य वरिष्ठ संस्थापक सदस्यों के योगदान के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

यातायात नियमों की जानकारी के साथ नुक्कड नाटक से कर रहे हैं लोगों को जागरूक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रादेशिक परिवहन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जन को जागरूक किया गया। कला सागर सेवा संस्था, जयपुर की ओर से प्रस्तुत नुक्कड नाटक सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का सांगानेर मुख्य बस स्टैंड व इण्डिया गेट प्रताप नगर पर मंचन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी परिवहन निरीक्षक अनिल बसवाल की उपस्थिति में कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से दर्शकों को यातायात के नियम सड़क सुरक्षा सहित जीवन रक्षा को समझाते हुए आमजन से सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने का आह्वान किया।

परिवहन निरीक्षक अनिल बसवाल ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन को सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और वाहन चालकों को हेलमेट तथा सीटबेल्ट का उपयोग करना चाहिए। नुक्कड नाटक में संस्था सचिव स्वराला किरार, रितेश सिसोदिया, अंकित शर्मा, विकास शर्मा, मुकेश पीपलीवाल, नरेन्द्र सिंह मीणा ने आमजन को जागरूक किया।

जयपुर जीपीओ कर्मचारी साख एवं बचत सहकारी समिति के चुनाव संपन्न

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर जीपीओ कर्मचारी साख एवं बचत सहकारी समिति लि जयपुर में 11 जनवरी को प्रबन्ध कार्यकरिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। इसी क्रम में 19 जनवरी को प्रबन्ध कार्यकरिणी के सर्वसम्मति से संचालक मण्डल के पदाधिकारियों का चुनाव किया जिसमें आनंद कुमार को अध्यक्ष, अशोक कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, कन्हैया लाल मीणा को सचिव एवं संजय कुमार अग्रवाल को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है। जिसमे निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश यादव रहे।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

एसएसजी पारीक पीजी महिला महाविद्यालय ने सड़क सुरक्षा में निभाई अपनी महत्वपूर्ण भूमिका

परिष्कार पत्रिका जयपुर। एसएसजी पारीक पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी डॉ राजश्री तिवारी, डॉ अलभिका वर्मा, सरस्वती चौधरी और एनएसएस के कार्यकर्ताओं के साथ इस पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ विजयलक्ष्मी पारीक के मार्गदर्शन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सहयोगी विभागए नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजस्थान युवा बोर्ड, भारत स्काउट एंड गाइड, शिक्षा विभाग, राजस्थान पुलिस यातायात के द्वारा 13 से 17 जनवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान नाम से चलाया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में पारीक गर्ल्स कॉलेज, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई्यों को चांदपोल और छोटी चौपड़ यह 2 पॉइंट दिए गए। महाविद्यालय के एन एस एस कार्यकर्ता में ट्रैफिक रूल के बारे में जानकारी प्रदान की जिन्हें अपनाते हुए लोगों ने नियमों का पालन किया और साथ ही इस कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम समाज पर एनएसएस अधिकारी डॉ राजश्री तिवाड़ी और यातायात पुलिसकर्मी महेंद्र द्वारा छोटी चौपड़ पर मानव भृंखला बनाकर लोगों को जागो और जगाओ सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाओ के स्लोगन द्वारा जागरूकता का संदेश दिया और साथ ही नियम पालन की शपथ भी दिलाई। ताकि विद्यार्थी भविष्य में सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं भी पालन करें और कराएं। वहीं दूसरी ओर चांदपोल में पोस्टर के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विजयलक्ष्मी पारीक ने सड़क सुरक्षा सप्ताह में विद्यार्थियों ने जो कर्तव्यनिष्ठ तरीके से कार्य किया उसके लिए बधाई दी और उन्हें इन नियमों का जीवनपर्यंत पालन करने को प्रोत्साहित किया। सात दिन चले इस जागरुकता कार्य में विद्यार्थियों द्वारा किये गए कार्य की आम जनता ने सराहना भी की और नियमों का पालन कर सहयोग भी किया। इन दोनों पॉइंट पर इस कार्य में राजस्थान पुलिस यातायात के के के, सीताराम चंद्र, महेंद्र, सूरजभान, राजेंद्र व रणजीत सिंह ने भी सहयोग किया।

शिक्षा मंत्री ने दी छात्राओं को निःशुल्क साइकिल की सौगात

बेटियों को पढ़ाने का आह्वान, स्वच्छता का दिलाया संकल्प

परिष्कार पत्रिका जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मोडक स्टेशन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंचायत समिति खैराबाद की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने बेजबाशियों से बेटियों को खूब पढ़ाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

उन्होंने बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ लेकर बेटियां पढ़ाई में पीछे नहीं रहें। दिलावर ने इस अवसर पर कहा कि सभी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार कराया जाए।

47 विद्यालयों की छात्राओं को मिली साइकिल : शिक्षा मंत्री ने खैराबाद पंचायत समिति के 47 विद्यालयों की एक हजार आठ छात्राओं को निशुल्क साइकिल की सौगात दी। मंत्री ने इन छात्राओं का अभिनंदन कर उनसे संवाद किया और शुभकामनाएं दी। साइकिल पाकर बेटियों के चेहरे खिल गए। निःशुल्क साइकिल योजना में 2758 छात्राओं को लाभ मिलेगा।

किया श्रमदान, दिलाया स्वच्छता का संकल्प : शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रमदान किया और क्षेत्र वासियों को इस अवसर पर स्वच्छता का संकल्प भी दिलवाया । उन्होंने कहा कि माह में एक दिन सभी मिलकर अपने गांव की सफाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत में सफाई के लिए आने वाले बजट का पूरा उपयोग सफाई के लिए हो। इसमें कोताही पाई जाएगी तो गंभीरता से लिया जाएगा। स्वच्छता के लिए प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिये जायेंगे।

51 किलो की माला पहनाई: समारोह में शिक्षा मंत्री को शिक्षा विभाग की ओर से 51 किलों का पुष्प हार पहनाया गया और उनके संकल्प पूरा होने पर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वैशाली नगर फायर स्टेशन के लिए जगह चिन्हित करवाकर नया अग्निशमन केन्द्र बनाने का निर्णय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर जयपुर में फायर समिति की बैठक फायर समिति अध्यक्ष पारस जैन की अध्यक्षता में पद्मा धाय सभागार में आयोजित की गई। विश्वकर्मा फायर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा समिति सदस्यों द्वारा पौधबढ़ी का आयोजन भी किया गया। फायर समिति अध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि रिन्युअल फायर एनओसी के सरलीकरण हेतु नवीनीकरण की प्रक्रिया को 15 दिवस की अवधि में निस्तारण करने हेतु समय सीमा निर्धारित की गई।साथ ही फायर स्टेशन पर निर्माण कार्य और अन्य कई सुविधा क्षेत्र विकास करने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने बताया कि फायर प्रशिक्षण केन्द्र के लिए जमीन आवंटन हेतु राज्य सरकार को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये साथ ही वैशाली नगर फायर स्टेशन के लिए जगह चिन्हित करवाकर नया अग्निशमन केन्द्र बनाने का निर्णय लिया गया।

अल्पसंख्यक समुदायों के लिए समान अवसर और समावेश विकास सुनिश्चित करने के अपने मिशन पर दृढ़ संकल्पित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। अल्पसंख्यक मामलात विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने यहां शासन सचिवालय स्थित मुख्य भवन में अल्पसंख्यक मामलात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, निगम, संस्था, बोर्ड एवं आयोग के मुख्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक में 100 दिनों की कार्य योजनाए सरकार के संकल्प पत्र में संबंधित विभागीय बिंदुओं की उपलब्धि, बजट योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति, जिलों में संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों के संचालन, मदरसा शिक्षा एवं आधुनिकीकरण, छात्रवृत्ति, आर्थिक विकास व ऋण, कौशल विकास, अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं एवं बाल विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। विशाल ने बैठक में बालक छात्रावास एवं अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ स्कॉलरशिप, हज यात्रा व वक्फ़बोर्ड में चलाई जा रही राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। श्री विशाल ने कहा की राज्य सरकार की मंशानुरूप अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक प्रशिक्षण, रोज़गार, स्वच्छता एवं उन्नति को सुनिश्चित करने के अपने मिशन पर हम दृढ़ हैं। विशाल ने विभाग के मुख्य क्रियाकिलापों से संबंधित एवं नियमित मॉनिटरिंग से उनकी समयबद्ध उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा की 100 दिनों की कार्ययोजना पर समयबद्धता से कार्य किया जाये, संकल्प पत्र में अल्पसंख्यकों से किए वादों को राज्य सरकार प्रमुखता से पूर्ण करने लिए प्रतिबद्ध है। संकल्प पत्र हमारे लिए नीति-निर्धारक के तौर पर कार्य करेगा। उन्होंने विभाग की कल्याणकारी योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए हितधारकों के साथ संवाद करने व सुझाव लेने को कहा।

प्रतिबिन राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर देखें विभाग से जुड़ी शिकायत व सुझाव : विशाल ने निर्देश दिए की राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व विभाग में आने वाली हर शिकायत का चरित्र निस्तारण सुनिश्चित हो। सभी शिकायतों का संतोषजनक जवाब देने के साथ ही शिकायतों को संबंधित शाखा में भेजकर उसका यथासंभव समाधान करवाया जाए। प्राप्त सुझावों पर विभाग के अधिकारी गहन चिंतन कर उन्हें अमल में लाने की रूपरेखा तैयार करें। योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा के अलावा, शासन सचिव ने निरंतर प्रगति के लिए मूल्यांकन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं रैंकिंग हेतु मापदण्ड के बिन्दु निर्धारण के भी निर्देश दिये।

पेपर लीक प्रकरणों में एसआईटी की रिपोर्ट आने पर होगी आगामी कार्यवाई

परिष्कार पत्रिका जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने विधानसभा में कहा कि पेपर लीक के वर्ज प्रकरणों में एक माह पहले ही एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी की रिपोर्ट आने पर इन प्रकरणों में आगे कार्यवाई की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर गृह मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 15 दिसंबर को शपथ ली थी। इसके तुरन्त बाद ही अगले ही दिन 16 दिसंबर को एसआईटी तथा इसके बाद एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया। उन्होंने पेपर लीक प्रकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में 5 बड़े पेपर लीक हुए, वर्ष 2022 में 10 तथा वर्ष 2023 में 5 पेपर लीक हुए। उन्होंने बताया कि नई राज्य सरकार के गठन के बाद 2 पेपर हो चुके है और पेपरलीक का कोई मामला सामने नहीं आया है। सिंह ने कहा कि एक जनवरी 2014 से आज तक पेपर लीक के कुल वर्ज 33 प्रकरणों में से 32 मामलों में चालान पेश हो चुका है तथा एक प्रकरण में उच्च न्यायालय से स्क्रान अवेश है। इन प्रकरणों में 615 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इन प्रकरणों में 49 सरकारी कर्मिक जिनमें, अधिकतर अध्यापक है, उनमें से 11 को सरकारी सौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। इससे पहले विधायक हनुमान बेनीवाल के मूल प्रश्न के रिप्लिन जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने अवगत कराया कि राज्य में शिक्षा परीक्षाओं में पेपर लीक से सम्बन्धित घटनाओं ने वृद्धि को देखते हुए पेपर लीक की तेकबाम एवं इसके सम्बन्ध में वर्ज मामलों में त्वरित जांच एवं दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के लिए राज्य सरकार के आदेश 15 दिसंबर 2023 द्वारा एसआईटी का गठन किये जाने के निर्देश दिए थे जिसकी पालना में पुलिस महानिदेशक के आदेश 16 दिसंबर 2023 द्वारा वीके सिंह, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, तकनीकी सेवाएं टेक्निकन्यूनिकेशन एवं टेक्निकल के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम का गठन किया गया है। उन्होंने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के गठन का आदेश सदन के पटल पर रखा।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: रावत्क, डाबला, रावथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: अरवाण, पवेराबा, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: निर्वाण, मौर्या, रावथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: सीलण, हार्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: फरण्ड, रावथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: हार्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीकल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: रावथ, लुगरिया, माथर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: माथर, डाबला, महलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: लुगरिया, डाबला, निर्वाण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: माथर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: बनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: लुगरिया, माथर, डाबला, अरवाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: किशड़, डाबला, सीलण पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: निर्वाण, बावलिया, हार्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

राष्ट्र की उन्नति एवं विकास में शिक्षित समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : राज्य मंत्री

नई दिल्ली की राष्ट्रीय रंगशाला में हुआ झांकियों का प्रेस प्रिव्यू

परिष्कार पत्रिका नई दिल्ली। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इस वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड-2024 में निकलने वाली झांकियों में राजस्थान की झांकी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगी। इस झांकी में विकसित भारत में पधारो म्हारे देश की नवनामिमानी झांकी के दर्शन होंगे। नई दिल्ली के दिल्ली कैंट परेड ग्राउंड स्थित गणतंत्र दिवस परेड राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में सोमवार को हुए झांकियों के प्रेस प्रिव्यू में राजस्थान की झांकी सबके आकर्षण का केंद्र बनी।

झांकी के नोडल अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ रजनीश हर्ष ने बताया कि राज्य की प्रमुख शासन सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग गायत्री राठौड़ की परिकल्पना एवं उनके निर्देशानुसार तैयार की गई यह झांकी राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति, स्थापत्य परंपरा और हस्तशिल्प का सुंदर निभाण है। झांकी के अग्रभाग में राजस्थान के सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य का मनोहारी दृश्य है। इसमें घूमर करती दस फीट आकार की राजस्थानी वेश-भूषा में सुसज्जित नर्तकी का मूर्ति शिल्प दर्शाया गया है। घूमर राजस्थान का सुप्रसिद्ध पारंपरिक महिला नृत्य है जो विभिन्न उत्सवों में किया जाता है। डॉ हर्ष ने बताया कि झांकी के पिछले भाग में भक्ति और शक्ति की प्रतीक भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मीरा बाई की सुंदर प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य के प्रसिद्ध महिला हस्तशिल्प उद्योगों का महिलाओं द्वारा ही संचालन करना और निर्मित उत्पादों की सुंदर झलक प्रस्तुत की गई है। झांकी में राजस्थान की उद्यमी महिलाओं को पारंपरिक बंधेज, बगरू प्रिंट, एप्लिक वर्क का कार्य करते हुए दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि झांकी के पिछले भाग में रेगिस्तान का जहाज कहें जाने वाले राज्य के पालतू पशु ऊंट की सुसज्जित प्रतिमा हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ यूनाइटेड नेशंस ने वर्ष-2024 को उष्ट्र ऊंटों वर्ष घोषित किया है। गौरबंद में सजे-धजे दो ऊंटों की झांकी प्रतिवर्ष राजस्थान में होने वाले ऊंट उत्सव को प्रतिबिंबित कर रही है। इसके साथ ही झांकी में विशेष राजस्थानी ग्राम्य जन जीवन के प्रतीक के रूप में राजस्थानी लिबास में सजे धजे पुरुष की मूर्ति दर्शाई गई है।

साथ ही झांकी में ऊंट पर राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा पहने राजस्थानी महिला सवार भी दर्शायी गई है। ऊंट के पीछे राजस्थान के स्थापत्य को हाथी युक्त विशेष तोरण द्वार, कलात्मक छतरियों युक्त मीनारों आदि को गुलाबी रंग पर सफेद रंग से सुंदरता पूर्वक अलंकृत किया गया है। झांकी में राजस्थानी संगीत की मनभावन प्रस्तुति के साथ घूमर और गोरबंद गीतों की विभिन्न लोक वाद्य यंत्रों के द्वारा पयूजन धुनों पर, झांकी के दोनों ओर दस लोक नर्तकियां पारंपरिक घूमर नृत्य करेंगी। डॉ हर्ष ने बताया कि इस संस्कृतिक झांकी में विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति में समाए महिला हस्तशिल्प उद्योगों के विकास का सुंदर ढंग से प्रदर्शन किया गया है। यह राजस्थान के समृद्ध इतिहास और संस्कृति के आलोक में यहां हुए नवीन स्थापत्य निर्माण की एक सुंदर झांकी है। राजस्थान की यह झांकी परंपरा के आलोक के साथ विकसित भारत की संकल्पना लिए हुए है।

राष्ट्र की उन्नति एवं विकास में शिक्षित समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : राज्य मंत्री

राज्यमंत्री संजय शर्मा ने 317 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति एवं विकास में शिक्षित समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

राज्य मंत्री शर्मा ने अलवर जिले के महावर ऑडिटोरियम में राजस्थान मेघवाल समाज अलवर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपलब्धि प्राप्त करने वाली 317 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए किसी भी समाज की उन्नति एवं विकास में शिक्षा का सबसे अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मेघवाल समाज ने शिक्षा का महत्व समझते हुए विकास की ओर तेज़ी से अग्रसर है। उन्होंने बालिका शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में बेटियों की शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि सभी समाजों के हितों के लिए सदैव प्रयत्नरत रहेंगे।

पर्यावरण संरक्षण सबका नागरिक दायित्व : मंत्री शर्मा ने वन कर्मचारी संघ के गायवाले मौहल्ले में आयोजित अभिनन्दन समारोह में शिरकत कर कहा कि वन एवं पर्यावरण का संरक्षण वन्य कर्मियों के राजकीय दायित्व के साथ एक नागरिक के रूप में भी सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वन सेना के कर्मिकों की जायज मांगों का विधि सम्मत निराकरण किया जावेगा। इस दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर व अन्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध व्यक्ति एवं प्रतिभावान विद्यार्थी उपस्थित थे।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

आयुष्मान आरोग्य मंदिर होंगे जनस्वास्थ्य की मुख्य धुरी : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सेवाभाव एवं संवेदनशीलता के साथ चिकित्सालयों में मरीजों का उपचार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करने की दृष्टि से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह मंदिर जन स्वास्थ्य की मुख्य धुरी के रूप में कार्य करेंगे। इसमें योग और वेलनेस गतिविधियां भी संचालित की जाएगी। शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को अच्छा स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सक अस्पतालों में समय पर पहुंचे और रोगियों एवं उनके परिवारजनों के साथ अच्छा व्यवहार रखे। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में अनावश्यक देरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए निःशुल्क दवा और जांच सुविधाएं उपलब्ध हैए लेकिन हमारा प्रयास है कि लोग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हो। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर देकर कहा कि खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाए तथा मिलावट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। खाद्य सामग्री वि ताओं को कानूनी की जानकारी दी जानी चाहिए। शर्मा ने सवाई मानसिंह अस्पताल में भी पीएम जन औषधि केन्द्र खोलने और आयुष्मान आरोग्य केंद्रों के निर्माण कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

वृद्ध रोगियों के लिए अलग व्यवस्था के निर्देश : मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन राज्यों में चिकित्सा क्षेत्र में अच्छे कार्य हुए हैंए उनका अध्ययन कर यहां भी लागू करने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में पुरूष और महिला वार्डों की तरह वृद्धजन रोगियों के लिए अलग सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों की संख्या बढ़ाने के लिए सामाजिक संस्थानों और जनप्रतिनिधियों आदि का सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य शिविरों में अधिकाधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहे। शर्मा ने पीएम जनऔषधि केन्द्रों की संख्या बढ़ाकर प्रचार.प्रसार करनेए चिकित्सालयों में निविदित मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता की नियमित जांच करनेए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और हर दिन अलग-अलग रंग की बैडशीट बिछाने के निर्देश दिए। साथ हीए उन्होंने जांच व्यवस्था सुचारू रखने के लिए जांच मशीनों का समय.समय पर मेंटिनेंस कराने के निर्देश दिए।

खुलेंगे नशा मुक्ति परामर्श केन्द्र, नशे की दवाइयां बेची तो लाइसेंस होगा रद्द : शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाना हमारी जिम्मेदारी हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को उन जिलों में नशा मुक्ति परामर्श केंद्र खोलने के निर्देश दिए, जहां ऐसे मामले अधिक सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए चिकित्सा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पुलिस विभाग और जिला प्रशासन विषय विशेषज्ञों के जरिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए। साथ हीए उन्होंने नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ऐसे विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनोरोगियों के उपचार के लिए विशेषज्ञों और सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने के लिए कहा।

जिला कलक्टर, एडीएम, एसडीएम करेंगे चिकित्सालयों की जांच :शर्मा ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि जिला कलक्टर के जरिए जिला चिकित्सालयों का सप्ताह में एक बार निरीक्षण कराना सुनिश्चित करे। साथ ही एडीएम, एसडीएम, सीएमएचओ, पीएमओ भी चिकित्सालयों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय टीम गठित कर प्रदेश में औचक निरीक्षण कराएं। इसके लिए विभाग एक चैकलिस्ट भी तैयार करे।

चिकित्सा शिक्षकों की होगी शीघ्र नियुक्ति : शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के लिए चिकित्सा शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से लम्बित भर्तियों को भी पारदर्शिता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल्द ही भर्ती प्रक्रियाओं को पूरा करने का प्रयास होगा। शर्मा ने विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेजों में ई-स्मार्ट कक्षाएं शुरू कराने की कार्ययोजना के लिए सराहना की।

बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने 100 दिवसीय कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई, मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सकों की स्थिति, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, आयुष्मान भव के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण, जनजातीय नागरिकों की सिकल सैल एनीमिया स्क्रीनिंग और काउंसलिंग, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम, आयुष्मान शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों, पीएम भारतीय जन औषधि केंद्रों, खाद्य कारोबारियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ खाद्य पदार्थ के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय से सम्बंधित प्रशिक्षण देने, खाद्य अनुज्ञा पत्र रजिस्ट्रेशन जांच मशीनों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, एसीएस वित्त अखिल अरोड़ा, आयोजना विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ जितेंद्र कुमार सोनी, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते, राजस्थान चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल, स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसमीत सिंह संधू सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक मलीष, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रविप्रकाश माथुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

समाज के लिए शहीद हेमू कालानी का बलिदान अविस्मरणीयः देवनानी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शहीद हेमू कालानी का बलिदान सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्पद रहेगा। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद हेमू कालानी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक क्रांतिकारी थे। वह स्वराज सेना के नेता थे, एक छात्र संगठन जो ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन एआईएसएफ से संबद्ध था। वह देश के स्वतंत्रता संग्राम के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक थे। जब वह अपने 20 वें जन्मदिन से दो महीने पहले केवल 19 वर्ष के थे, तब ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों ने उन्हें मार डाला था।

उन्होंने कहा कि इस देश के नागरिकों ने दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हर काल की परिस्थिति में ऋषि-मुनियों के आशीर्वाद से हमारे देश के नागरिकों ने सनातन संस्कृति को बचाए रखने और दुश्मनों को उखाड़ के फेंकने का काम किया है। अंग्रेजो के शासन को रोकने के लिए इस देश के क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर समाज में चेतना जगाने का काम किया है। शहीद हेमू कालानी के बलिदान और शौर्य की गाथा युगों.युगों तक भारतवासियों को प्रेरणा देती रहेगी। देश के महान क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि.कोटि नमनए आपके बलिदान और शौर्य की गाथा युगों.युगों तक भारतवासियों को प्रेरणा देती रहेगी।

पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन विभाग भर्ती

30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा साक्षात्कार का आठवां चरण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन विभाग भर्ती 2019 के पदों हेतु साक्षात्कार का आठवां चरण 30 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि आठवें चरण में 162 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचितकर दिया जाएगा।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820
parishkarpatrika@gmail .com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा विशिष्टोत्सव के उपलक्ष्य में राजभवन में हुआ विशेष कार्यक्रम

गायक अभिजीत घोषाल के भजनों ने किया भाव विभोर

अयोध्या में राम मंदिर, राम की प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति के राम मय होने का पर्व : राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। श्रीराम जन्म भूमि में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा विशिष्टोत्सव का राजभवन में अयोध्या से विशेष प्रसारण हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पूरे देश के लिए हर्षोल्लास का, आनंद का और राममय होने का गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने राम लला के मंदिर में विधिवत विराजने की सभी को बधाई देते हुए भगवान श्रीराम से देशवासियों की खुशहाली और सदा मंगल की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। अयोध्या में मंदिर निर्माण और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की राजभवन के दरबार हॉल से सीधे प्रसारण के बाद पश्चिम क्षेत्र संस्कृतिक केंद्र द्वारा सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत घोषाल का राम भजन प्रवाह कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। अभिजीत ने भगवान राम की महिमा और उनके जीवन आलोक से जुड़ी मनभावन भजन प्रस्तुतियां दी। अभिजीत घोषाल ने राम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर मनाए गए उत्सव से जुड़े नाम श्री राम आए रघुनंदन हम आएं, उनके स्वागत में हम दीप जलाएं..... से राम भजन प्रवाह का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने श्रीराम के शरणागत हो लें, सब काम बन जाए... हे राम, हे राम... की सुमधुर प्रस्तुति देते हुए सभी को राममय कर दिया। उन्होंने लक्ष्मणाचार्य रचित रघुपति राघव राजा राम की भी प्रस्तुति दी। उनके साथ ही उपस्थित जन भी समवेत स्वरों में इस भजन को गाते हुए भाव विभोर हो उठे। इसके बाद उन्होंने श्री राम शोभा नाम, श्री राम लक्ष्मा गंगा महिमा, शिव महिमा गान और अन्य भजन प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों को भक्ति भावों से सराबोर कर दिया। भजन प्रवाह के बाद राज्यपाल श्रीकलराज मिश्र ने कलाकार अभिजीत घोषाल को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने आगंतुक गणमान्य जनों की अगवानी की।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसादी और दूध का वितरण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। ट्रेकोन कोरियर परिवार के सदस्यों ने बनीपार्क जयपुर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम चन्द्र की प्रतिमा का माल्यार्पण कर पूजन किया। कार्यक्रम में प्रेम मूलचंदानी, सुनील वर्मा, मुकेश सोनी, शायर सिंह किरार, अवधेश कुमार स्वामी, राहुल जादौन, राजसिंह, आकाश जागा, सक्षी कोटिया, गजेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, कमलेश कुमार, अंशुल किरार सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी ने भजनों की प्रस्तुति का आनंद लिया और नृत्य किया। कार्यक्रम में ट्रेकोन परिवार के सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग से सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को प्रसादी और दूध का वितरण किया। परिष्कार पत्रिका के शायर सिंह किरार और अंशुल किरार ने सभी का आभार प्रकट किया।

सेंट जॉन स्कूल सी सै स्कूल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रंगोली सजाई

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेंट जॉन विद्यालय भांकरोटा जयपुर में विद्यालय के प्रांगण में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रंगोली सजाई। इस अवसर पर निदेशक राजेश कुमार वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों ने श्रीरामचंद्र के चित्र पर माला पहनाकर पूजन किया और सभी को लड्डू खिलाकर खुशियों को व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया।

तीन बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में ग्राम बढ़ारना में करीब 01 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा अतिक्रमण मुक्त एवं ग्राम सेवापुरा में गैर मुमकिन आम रास्ते को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-02 में आवेदा इंगुंर तहसील आमेर में निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध निर्माण को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बढ़ारना जिला जयपुर में खसरा नं. 514 करीब 01 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा अतिक्रमण कर 04 पक्के ऊंची बनाई गई चारदिवारी व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जयिप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत् उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोग करने के संबंध में उपयुक्त जोन.13 को पत्र लिखा गया है।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सेवापुरा जिला जयपुर में खसरा नं.400/535, 395/536, 401 गैर मुमकिन आम रास्ते पर करीब 800 मीटर लम्बाई में कब्जा अतिक्रमण कर झाडियां, कांटो की बाड़ए तारबंदी इत्यादि लगाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। इसी प्रकार जोन- 02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आवेदा इंगुंर तालाब पेटा तहसील आमेर के खसरा नं 430, 431, 432, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमति के 05 स्थानों पर बनाई जा रही बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

शक्ति दिवस में हुई एनीमिया की स्क्रीनिग, मिला उपचार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जिला जयपुर द्वितीय में शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ बी एल मीणा ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मिशन मोड पर

उपमुख्यमंत्री ने विद्याधर नगर में किया दो टंकियों का शिलान्यास

क्षेत्र के लगभग एक लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। बरसों से पीने की पानी की समस्या से जूझ रहे जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में अब बीसलपुर-पृथ्वीराज नगर पेयजल योजना के अन्तर्गत पानी की टंकियों के निर्माण तेज़ी से शुरू किये जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री और विद्याधर नगर क्षेत्र से विधायक दिया कुमारी ने वार्ड न 6 की बृज कॉलोनी और वार्ड न 12 की निर्मल विहार कॉलोनी में पानी की टंकियों का विधिवत शिलान्यास किया। इन पानी की टंकियों का निर्माण बीसलपुर-पृथ्वीराज नगर पेयजल योजना के तहत किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमने बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएँ जनता को उपलब्ध करवाने का वादा किया था और अब सरकार के बनते ही उस पर अमल शुरू हो चुका है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को ये प्रोजेक्ट जल्द पूरे करने और कार्य की गुणवत्ता को श्रेष्ठ बनाये रखने के निर्देश दिये। दिया कुमारी ने कहा कि आम जनता को पीने की पानी की सप्लाई में तकनीकी खराबी के चलते परेशानी का सामना नही करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। बृज कॉलोनी स्थित जलाशय की क्षमता 22.50 लाख लीटर है और आने वाले समय में लगभग 42 हजार की आबादी इससे लाभांवित होगी। इस प्रोजेक्ट के लिए जलदाय विभाग लगभग 61 किलोमीटर की नयी पाईप लाइन बिछा रहा है। यह कार्य अगस्त 2025 तक पूरा होने का अनुमान है। इस टंकी से वार्ड नम्बर 6 की शास्त्री उपवन कॉलोनीए दिया कॉलोनी, रेजीडेन्सी कॉलोनी, स्वास्तिक कॉलोनी, शिवानी देवनगर कॉलोनी, शिवा नगर, सीताराम पुरी, रमन विहार, गोविन्द नगर-13, हनुमान नगर, बृज कॉलोनी, बालाजी विहार, भगवान नगर, गणेश नगर, ईश्वर नगर कॉलोनी सहित और भी बहुत सी कॉलोनियां लाभांवित होगी।

संस्कार निर्माण के लिए एकाग्रता, संकल्प शक्ति व आवेश पर नियंत्रण का अभ्यास जरूरी

आचार्य महाप्रज्ञ के लेखन की समीक्षा प्रस्तुत कर दिया व्याख्यान

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्व भारती संस्थान के शिक्षा विभाग में आतरिक व्याख्यानमाला के अंतर्गत डॉ गिरधारी लाल शर्मा ने आचार्य महाप्रज्ञ के लेख कैसे करें संस्कारों का निर्माण की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि व्यक्ति में अच्छाई तथा बुराई दोनों के बीज विद्यमान रहते हैं। जीवन का अच्छा पक्ष प्रकट हो या बुरा, यह हमारे पुरुषार्थ पर निर्भर करता है। बच्चा क्या लेकर आया है, इस पर हमारा कोई वश नहीं है, करना इतना ही है कि उसमें जो अच्छाई के बीज विद्यमान हैं, उन्हें उभार कर ऊपर लाया जाए। बच्चे माता-पिता चाहिए। दूसरे में संस्कार-निर्माण से पहले स्वयं में वैसे संस्कार होने आवश्यक हैं। डा शर्मा ने बताया कि आचार्य ने संस्कार निर्माण के कुछ प्रमुख सूत्र बताये हैं, जिनमें स्वार्थ का सीमाकरण, उदार दृष्टिकोण हीन तथा अहम् भाव से मुक्ति का अभ्यास, संगठन तथा अनुशासन के प्रति विश्वास एवं आहार शुद्धि व नशा मुक्ति आदि प्रमुख हैं। माता-पिता, बच्चों को संस्कारित कैसे करें। प्रश्न के प्रत्युत्तर में आचार्य कहते हैं कि आवेश पर नियंत्रण का अभ्यास, एकाग्रता बढाने का अभ्यास एवं संकल्पशक्ति का विकास, यदि ये तीन बातें अभिवावक बच्चों को सिखा पाएं, तो वे बच्चों का भरपूर भला कर पाएंगे। इन संस्कारों को देने का अनुभवसिद्ध प्रयोग आचार्य बताते हैं कि दीर्घ श्वास का अभ्यास, दीर्घ श्वांस के प्रयोग से क्रोध-आवेश पर नियंत्रण, एकाग्रता में वृद्धि, मादक व्यसनों से दूरी के साथ स्वर्गिक आनंद की प्राप्ति होती है। अनेक बुरी आदतों से बचने का यह एक अचूक उपाय है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा आचार्य महाप्रज्ञ के इस लेख में वर्णित विचार पूर्ण-रूपेण अनुकरणीय हैं। इनके माध्यम से न केवल बच्चों, बल्कि बड़ों को भी संस्कारित किया जा सकता है। इससे व्यक्ति का जीवन सुखी, सफल तथा उत्कृष्ट बन सकता है तथा राष्ट्र निर्माण में वह अपनी भागीदारी निभा सकता है। कार्यक्रम में समस्त शिक्षा संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन डॉ गिरिराज भोजक द्वारा किया गया।

> सफलता के लिए सिर्फ कल्पना ही नहीं सार्थक कर्म भी जरूरी है सीढ़ियों को देखते रहना ही पर्याप्त नहीं है सीढ़ियों पर चढ़ना भी जरूरी है

योजना बनाकर करेंगे कैलादेवी झील का बाड़ा मंदिर का विकास

परिष्कार पत्रिका जयपुर। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में कहा कि बयाना विधानसभा क्षेत्र में कैलादेवी झील का बाड़ा मंदिर जनमानस के लिए आस्था का केंद्र है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मंदिर के विकास को लेकर योजना तैयार की जाएगी। देवस्थान मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक डॉ ऋतु बनावत के मूल प्रश्न के रिसित जवाब में देवस्थान मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र बयाना में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 के तहत 16 मंदिरों एवं पंजीकृत प्रन्यास की सूची सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा कि देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित मंदिरों में दो राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर एवं एक सुपुर्दगी श्रेणी का मंदिर है।

देवस्थान मंत्री ने बताया कि राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी मंदिर कैलादेवी झील का बाड़ा बयाना की कोई कृषि भूमि नहीं है। व्यावसायिक सपंदाओं में मंदिर की 9 दुकानें एवं मेला क्षेत्र में अस्थायी चबूतरे हैं। मंदिरकी कोई आवासीय संपदा नहीं है। दूसरा राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी मंदिर ऊषा किला बयाना की अचल संपदा में मंदिर परिसर है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त देवस्थान विभाग द्वारा नियंत्रित राजकीय सुपुर्दगी श्रेणी का एक मंदिर बृजदूल्हे है। इसकी अचल संपदा में मंदिर परिसर है।

देवस्थान मंत्री ने कहा कि मंदिर कैला देवी झील का बाड़ा बयाना में मेलों में अस्थायी दुकानों की नीलामी से वित्त 5 वर्ष में कुल 1 करोड़ 61 लख रूपये से अधिक की आय हुई है। जिसके अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 46 लाख 36 हजार 232 रूपये, वर्ष 2020-21 कोविड के कारण मेले का आयोजन नहीं, वर्ष 2021-22 में 36 लाख 67 हजार 50 रूपये, वर्ष 2022-23 में 61 लाख 11 हजार 268 रूपये एवं वर्ष 2023-24 में 17 लाख 27 हजार 682 रूपये की राशि दिसम्बर 2023 तक आय के रूप में प्राप्त हुई है।

प्रवेश प्रारम्भ

सभी पाठकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

जगजीवन राम सेवा समिति द्वारा संचालित एवं संस्थापक स्व. नाथूलाल वर्मा द्वारा स्थापित

डॉ. अम्बेडकर सी. सै. विद्यालय

सी. 99/78-79 कला एवं वाणिज्य वर्ग रवि शंकर वर्मा, प्राचार्य

- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा,
- कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कक्षाओं की सुविधा
- बैठने की उचित व्यवस्था
- कक्षा 6-12 तक के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम फीस में अनुभवी अध्यापकों द्वारा अध्यापन की व्यवस्था
- बालकों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान
- विद्यालय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड फार्म 27/9/2021 तक भरे जा रहे हैं।
- जो भी विद्यार्थी 10वीं एवं 12वीं में प्रवेश लेना चाहता है वे न्यूनतम फीस में तुरन्त आवेदन कर सकता है
- वानका समाज के विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायत

11 फतेह टीबा, आदर्शनगर, जयपुर। फोन नं. 9460124510

Dr. Ambedkar Kids Play School
(An English Medium PG to IInd Class)
Admission Open
Conveyance Facility (Auto)
11, Fateha Tiba, Adarsh, Nagar, Jaipur - 302004

> जरूरी नहीं कि इंसान प्यार की मूरत हो... बेहद सुंदर और खूबसूरत हो... अच्छा तो वही इंसान है... जो तब आपके साथ हो जब आपको उसकी जरूरत हो....

हार्दिक शुभकामनाएं

विजयलक्ष्मी सी. सै. स्कूल
SAINT JOHN'S SCHOOL
Nursery to 6th
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
संजेश वर्मा प्रिंसिपल
28-29, नटराज विहार कॉलोनी, सिरसी रोड, मोकरोटा, जयपुर मो. 9351552934

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त

प्रकाश विद्या निकेतन सी.सै. स्कूल
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उच्च मानक गुणवत्ता एवं बेस्ट-बुक, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।
सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आप सभी पाठकों को हमारी ओर से शुभकामनाएं

विकसित भारत में अपना योगदान अवश्य करें

अल्पना कटेजा , वाईस चांसलर राजस्थान यूनिवर्सिटी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मैं अल्पना कटेजा सभी विद्यार्थियों और सम्पूर्ण देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। सभी भारतीयों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करना चाहिए। परीक्षाएं शुरू होने वाली है। विद्यार्थियों को एग्जाम से डरने की जरूरत नहीं। अगर हम परीक्षा से पहले अच्छे से तैयारी करेंगे तो अच्छे से अपनी परीक्षा देंगे और सफल होंगे। एक बात और कहूंगी कि हमारी लाईफ स्टाईल बैलेंस होनी चाहिए, जिसमें पढ़ाई, स्पोर्टस, खान-पान सहित सभी को शामिल किया जाना चाहिए। एक बार पुनः सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

पर्यावरण को साफ रखें ताकि अगली पीढ़ी खुशी से जी सके

फादर जेवियर एस, प्रिंसिपल सेंट जेवियर कॉलेज नेवटा जयपुर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मैं अपने सभी भारतवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत देश अनेकताओं में एकता से भरा देश है। हमें अपने पार्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी खुशी से जी सके। हमें अपनी पृथ्वी को संभाल कर रखना है। देश को अपने संविधान और संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशों को ध्यान में रखकर निर्णय लेने चाहिए। एक बार पुनः अपने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान हमारा है

फादर संगीयराज, प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स विद्यालय नेवटा जयपुर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं जिन्होंने हमें विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान दिया और साथ ही इसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी दी। संविधान को देश के हित के लिए बनाया गया है और इसे निर्देशानुसार व्यवस्थाओं को चलाना चाहिए। मैं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

हमारे देश का संविधान सबसे महान है और उसकी रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य

फादर रेमंड, वाइस प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स कॉलेज नेवटा जयपुर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मैं गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हमारे देश का संविधान सबसे महान है और उसकी रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम देश के संविधान का सम्मान करें और देशवासियों को संवैधानिक प्रक्रियाओं को अपनाना चाहिए। एक बार पुनः सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

सभी नागरिक अपने दायित्व को समझे

नोयल डिसल्वा, निदेशक, सेंट माईकल सी सै स्कूल जयपुर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेंट माइकल सीनियर सैकेंडरी विद्यालय की ओर से सभी देशवासियों को एवं विद्यार्थियों व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते है एवं ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी नागरिक अपने दायित्व को समझे व देश को विकसित व खुशहाल बनाने मे शांति व भाईचारा बनाये रखे। देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने में अपना योगदान करे। एक बार पुनः सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

ईश्वर देश में अमन और शांति बनाए रखे

डॉ जान मैथ्यू, निदेशक, इमानुएल मिशन सी सै विद्यालय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मैं सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, दोस्तों और समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि देश में अमन, चैन और शांति बनाए रखें। देश का संविधान सबसे महान हैं। हमें इसके प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। हम अपने देश और देशवासियों के प्रति जिम्मेदार नागरिक बने। एक बार पुनः सम्पूर्ण देशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

वर्तमान में 1,86,656 पात्र युवाओं को मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का मिल रहा है लाभ

परिष्कार पत्रिका जयपुर। कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने विधानसभा में बताया कि बेरोजगारों को भत्ता देने के लिए सबसे पहले वर्ष 2007 में अक्षत योजना के नाम से प्रारंभ की गयी थी। इसके बाद वर्ष 2009 में इसमें कौशल जोडकर इसका नामकरण अक्षत कौशल योजना कर दिया गया। वर्ष 2012 और 2019 में बेरोजगारों को भत्ता देने की इस योजना के नाम बदले गए और इसमें समयानुसार भत्ता राशि बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में एक समय में अधिकतम दो लाख पात्र युवाओं को लाभ देने का प्रावधान है। वर्तमान में इस योजना में एक लाख 86 हजार 656 पात्र युवाओं को लाभ दिया जा रहा है। इस सीमा में शेष पात्रों को लाभ दिए जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान इस सम्बन्ध में सदस्य द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 से अब तक 6 लाख 38 हजार 621 पात्रों को लाभ दिया जा चुका है। राठौड़ ने सदन को अवगत कराया कि विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों पर एक माह में सत्यापन एवं जाँच कर पात्र आवेदकों को लाभ देने की कार्यवाही की जाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में कोई आवेदन प्रक्रियाधीन नहीं है।

इससे पहले विधायक चन्द्रभान सिंह चौहान के मूल प्रश्न के रिसित जवाब में उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री युवा संबल योजना लागू है। इस योजना में वर्तमान में एक लख 86 हजार 656 आशार्थियों को भत्ता दिया जा रहा है। जिसमें पुरूष आशार्थी को 4000 रूपये एवं महिलाए दिव्यांगजन तथा ट्रांसजेण्डर आशार्थियों को 4500 रूपये प्रतिमाह भत्ता दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में विगत 3 साल मे इस योजना के अन्तर्गत कुल 3 हजार 106 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिनमें से एक हजार 470 आशार्थियों को भत्ता दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता 3500 रुपये प्रतिमाह तक करने की घोषणा की गई थी एवं वर्तमान मे योजनानर्गत पात्र पुरूष आशार्थी को 4000 रूपये महिलाए दिव्यांगजन व ट्रांसजेण्डर आशार्थी को 4500 रूपये प्रतिमाह नियमित रूप से बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना में विभागीय पोर्टल पर विधानसभा वार डाटा संधारण नहीं किया जाता है।

रजि. न. 403 स्थापित - 1996-1997

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल

प्रवेश प्रारम्भ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उच्च मानक गुणवत्ता एवं बेस्ट-बुक, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।



रामलाल पाराशर, निदेशक

17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान

Mob. No. 9351451481, 7726857268

राज्य सरकार डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक इन्द्रा के मूल प्रश्न के रिसित जवाब में सूचनाए प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने अवगत कराया कि प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चिरंजीवी परिवारों की लगभग 24 लाख 56 हजार महिलाओं को स्मार्टफोन मय इन्टरनेट डाटा वितरित किए गए एवं इस पर कुल 1670.08 करोड़ रूपए की राशि व्यय की गई।

उन्होंने बताया कि विगत सरकार द्वारा बजट घोषणा 2022.23 में लगभग एक करोड़ 33 लाख चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखियाओं को स्मार्टफोन दिए जाने का लक्ष्य रखा गया था। बाद में इसे संशोधित कर बजट 2023-24 में 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन दिए जाने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा की पालना में स्मार्टफोन वितरण कार्य को विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आचार संहिता लागू होने के कारण बंद किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजानन्तर्गत महिलाओं को हुए लाभ एवं इसमें निहित जनहित का परीक्षण करवाया जाएगा।

हार्दिक शुभकामनाएं

हमारे प्रिय और जिंदादिल
संजय कुमार शर्मा को उद्योग विभाग में
संस्थापक अधिकारी के पद से 39 वर्ष की पूर्ण सेवा करने पर
सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में
बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।
शुभेच्छुक
भारती शर्मा (पत्नी), दीप्ति शर्मा-योगेश शर्मा (पुत्री-दामाद),
आशीष शर्मा (पुत्र), प्रशांत शर्मा (दाहिता)
एवं विभाग के पदाधिकारी एवं समस्त परिवारजन
परिष्कार पत्रिका परिवार

ONE PAGE CALENDAR - 2024

Parishkar Patrika

DATE

MONTHS: JAN APR JULY | OCT | MAY | FEB AUG | MACH NOV | JUNE | SEP DEC

1	8	15	22	29	MON	TUE	WED	THU	FRI	SAT	SUN
2	9	16	23	30	TUE	WED	THU	FRI	SAT	SUN	MON
3	10	17	24	31	WED	THU	FRI	SAT	SUN	MON	TUE
4	11	18	25		THU	FRI	SAT	SUN	MON	TUE	WED
5	12	19	26		FRI	SAT	SUN	MON	TUE	WED	THU
6	13	20	27		SAT	SUN	MON	TUE	WED	THU	FRI
7	14	21	28		SUN	MON	TUE	WED	THU	FRI	SAT

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार